# सरकार ने बदले ग्रेच्युटी के नियम

## 25 लाख की सीमा सिर्फ केंद्रीय सिविल सेवकों के लिए लागू




**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर. केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर आई है. केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि 25 लाख तक की अधिकतम ग्रेच्युटी सीमा सिर्फ उन्हीं सिविल सेवकों को मिलेगी जो केंद्रीय सिविल सेवा नियम, 2021 या एनपीएस के अंतर्गत आते हैं. बाकी संस्थानों के कर्मचारियों को इस बढ़ोतरी का लाभ नहीं मिलेगा.**

केंद्र सरकार ने ग्रेच्युटी भुगतान नियमों को लेकर एक अहम स्पष्टीकरण जारी किया है. कार्मिक, लोक शिकाय एवं पेंशन मंत्रालय के तहत पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने रविवार को साफ किया कि 25 लाख तक की अधिकतम ग्रेच्युटी सीमा केवल केंद्रीय सिविल सेवकों पर लागू होती है. विभाग ने अपने आदेश में कहा कि उसे लगातार कई RTI आवेदन और संदर्भ प्राप्त हो रहे थे, जिनमें पूछा जा रहा था कि क्या बढ़ी हुई ग्रेच्युटी सीमा बैंकों, पीएसयू, आरबीआई, पोर्ट ट्रस्ट, विश्वविद्यालयों, स्वायत्त संस्थानों और राज्य सरकारों के कर्मचारियों पर भी लागू होती है. विभाग ने स्पष्ट किया कि यह नियम केवल केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 या केंद्रीय सिविल सेवा 2021 के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों पर ही लागू होंगे.

> केंद्र सरकार ने मई 2024 में अधिसूचना जारी कर ग्रेच्युटी सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख कर दी थी. यह संशोधन 1 जनवरी 2024 से प्रभावी किया गया. यह निर्णय उस समय लिया गया जब महंगाई भत्ता केंद्रीय कर्मचारियों के मूल वेतन का 50 प्रतिशत पहुंच गया था. सरकारी नियमों के अनुसार, जैसे ही डीए 50 प्रतिशत होता है, भत्तों और सीमाओं में 25प्रतिशत की वृद्धि स्वचालित रूप से लागू होती है. यह कदम 8वें वेतन आयोग की तैयारियों के बीच आया है, जिससे केंद्रीय कर्मचारियों को आने वाले समय में और भी राहत मिल सकती है. हालांकि, फिलहाल यह राहत सीमित दायरे में रहेगी.

## ओप्पो के फाइन्ड एक्स9 पर पर्सनलाइज्ड एआई का अनुभव

**नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर.** ओप्पो के फाइन्ड एक्स9 सीरीज के भविष्य में लॉन्च होने वाले स्मार्टफोन पर अब पर्सनलाइज्ड एआई का अनुभव मिल सकेगा. चीन की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी ओप्पो ने शनिवार को बताया कि उसने अपने फाइन्ड एक्स9 सीरीज के ऐप एआई माइंड स्पेस को गूगल के जेमिनी से जोड़ा है. स्मार्टफोन उपयोगकर्ता स्क्रीन पर दिख रहे किसी भी कंटेंट - टेक्स्ट, तस्वीर या वेब पेज - को तीन उंगलियों से स्वाइप के माध्यम से सीधे एआई माइंड स्पेस के यूनिफाइड हब में संरक्षित किया जा सकता है. इसके बाद उपयोगकर्ता जेमिनी से उस पर आधारित सलाह, सुझाव आदि मांग सकेंगे.

# एथेन इंश्योरेंस का 6,650 करोड़ निवेश

## अडानी ग्रीन ने भी जुटाए 25 करोड़ डॉलर



**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर. भारतीय जीवन बीमा निगम का निवेश भले ही अक्सर अडानी समूह के साथ सुर्खियों में रहता हो, लेकिन ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि अरबपति गौतम अडानी की कंपनियों में सबसे बड़ा भरोसा विदेशी बीमा दिग्गजों ने दिखाया है.**

अमेरिका की शीर्ष बीमा कंपनियों और ग्लोबल फंड्स ने अडानी समूह की कई इकाइयों में अरबों डॉलर का निवेश किया है. जून 2025 में अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड में एलआईसी द्वारा लगभग 5,000 करोड़ के निवेश के बाद, अमेरिकी इंश्योरेंस कंपनी एथेन इंश्योरेंस ने अडानी के मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड में 6,650 करोड़ के लोन निवेश का नेतृत्व किया. इस फंडिंग राउंड में कई अन्य वैश्विक बीमा कंपनियां भी शामिल थीं. एथेन की मूल कंपनी अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट ने 23 जून को जारी बयान में कहा कि उसके प्रबंधित फंड्स, सहयोगियों और दीर्घकालिक निवेशकों ने रुके लिए यह इन्वेस्टमेंट ग्रेड रेटेड फाइनेंसिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है. यह अपोलो की ओर से अडानी एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में दूसरी बड़ी फंडिंग थी. इसके अलावा, अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने भी डीबीएस बैंक, डीजेड बैंक, राबोबैंक और बैंक सिनोपैक कंपनी लिमिटेड सहित कई वैश्विक बैंकों से लगभग 25 करोड़ डॉलर की नई फंडिंग हासिल की. एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की अगस्त रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने 2025 की पहली छमाही में ही अपनी चार प्रमुख कंपनियों — अडानी पोर्ट्स, अडानी ग्रीन, अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस — के लिए कुल 10 अरब डॉलर से अधिक की नई लोन सुविधाओं पर हस्ताक्षर किए हैं.

# सोना-चांदी में गिरावट जारी



**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर. पिछले कुछ दिनों की हल्की बढ़त के बाद सोने-चांदी के भाव में गिरावट का दौर शुरू हो गया है. आज 24 कैरेट सोने का भाव 1,23,560 प्रति 10 ग्राम और सिल्वर का 1,47,510 प्रति किलो दर्ज किया गया.**

निवेशक और खरीदार इसे लेकर सतर्क नजर आए. नई दिल्ली सहित पूरे भारत में 26 अक्टूबर 2025 को सोना-चांदी के बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी रहा. इंडियन बुलियन एसोसिएशन के अनुसार सुबह 9.32 बजे 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 1,23,560 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने का भाव ?1,13,263 प्रति 10 ग्राम था. चांदी (999 फाइन) का भाव 1,47,510 प्रति किलो दर्ज किया गया. दिसंबर वायदा शुक्रवार को सोने में 0.16 प्रतिशत और चांदी में 0.22प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ. बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड टेंशन में कमी की उम्मीद ने इस गिरावट को प्रभावित किया है.

पिछले सालों की तुलना में सोना और चांदी निवेशकों के लिए सबसे भरोसेमंद एसेट बनकर उभरी हैं. पिछले 20 साल में सोने की कीमत 7,638 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,25,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई है. इसी तरह चांदी ने 2005 से 2025 तक 668.84% की बढ़ोतरी दिखाई है.

## फ्लाइट में कॉकरोच को मिली 'फांसी', लॉगबुक एंट्री वायरल

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर.** एयर इंडिया एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा में है — इस बार किसी फ्लाइट डिले या टेक्निकल खराबी के लिए नहीं, बल्कि कॉकरोच की फांसी के लिए. दरअसल, दिल्ली से दुबई जा रही एक फ्लाइट की कैबिन डिफेक्ट लॉगबुक की एक एंट्री वायरल हो गई है, जिसमें लिखा गया है — एक जिंदा कॉकरोच मिला, जिसे फांसी दी गई जब तक उसकी मौत नहीं हुई. एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह एंट्री एयर इंडिया की रूटीन मेंटेनेंस लॉगबुक में दर्ज की गई थी, जिसमें आम शिकायतें जैसे वॉशबेसिन जाम या एंटरटेनमेंट सिस्टम खराब भी शामिल थीं. लेकिन कॉकरोच को फांसी वाली लाइन ने सबका ध्यान खींच लिया.

# पीयूष गोयल ब्रूसेल्स में करेंगे वार्ता

**भारत और यूरोपीय संघ के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट वार्ता निर्णायक मोड़ पर**

**दिसंबर तक समझौते को अंतिम रूप देने पर होगी रणनीतिक चर्चा**

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर भारत और यूरोपीय संघ के बीच चल रही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) वार्ता अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पियूष गोयल 27 अक्टूबर से दो दिवसीय दौरे पर ब्रूसेल्स जाएंगे, जहां वे ईयू के कार्यकारी उपाध्यक्ष और वाणिज्य आयुक्त मारोस सेफचोविक से मुलाकात करेंगे.**

मंत्रालय के अनुसार, इस दौरे का मकसद वार्ता को राजनीतिक गति देना और समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में रणनीतिक कदम उठाना है. भारत-ईयू एफटीए वार्ता के 14वें दौर का आयोजन 6 से 10 अक्टूबर के बीच हुआ था. दोनों पक्ष अब व्यापक, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को जल्दी से जल्दी अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं. इस दौरान बाज़ार तक पहुंच, गैर-शुल्क अवरोध और नियामकीय सहयोग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी. हाल ही में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी ब्रूसेल्स में यूरोपीय आयोग की ट्रेड डायरेक्टर जनरल से मिले थे. भारत और ईयू के बीच वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय माल व्यापार 136.53 अरब अमेरिकी डॉलर रहाय



> यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जो भारत के कुल निर्यात का 17 प्रतिशत और अपने कुल निर्यात का नौ प्रतिशत भारत को भेजता है. समझौते की वार्ता 23 नीति-क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनमें माल और सेवाओं का व्यापार, निवेश, विवाद समाधान, भौगोलिक संकेतक, बौद्धिक संपदा अधिकार और सतत विकास शामिल हैं. ईयू की ओर से वाहनों और चिकित्सा उपकरणों पर शुल्क में कमी, वाइन, स्पिरिट और मांस-पोल्ट्री पर कर में कटौती और मजबूत आईपीआर ढांचे की मांग है.



# चार नए एयरपोर्ट से शुरू होंगी नई सेवाएं

**गर्मियों की तुलना में अपनी उड़ानों में 26.45 प्रतिशत वृद्धि की है**

**सर्दियों में उड़ानें नहीं रुकेगी, फ्लाइटों में 5.95 प्रतिशत वृद्धि**

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर. शीतकालीन उड़ान शेड्यूल 2025 लागू हो गया है. इस बार 26,495 साप्ताहिक उड़ानें संचालित होंगी, जो पिछले साल से लगभग 6प्रतिशत ज्यादा हैं.**

यात्रियों को नए रूट्स, बेहतर कनेक्टिविटी और तेज सेवाओं का लाभ मिलेगा. देश के हवाई यात्रियों के लिए शीतकालीन उड़ान शेड्यूल 2025 खुशखबरी लेकर आया है. डीजीसीए ने इस बार लगभग 6 प्रतिशत अधिक उड़ानों की मंजूरी दी है. नया शेड्यूल 26 अक्तूबर 2025 से 28 मार्च 2026 तक लागू रहेगा. इसके तहत प्रति सप्ताह 26,495 उड़ानें संचालित होंगी, जबकि पिछले साल यह संख्या 25,007 थी. इससे यात्रियों को अधिक विकल्प, बेहतर रूट कनेक्टिविटी और तेज हवाई सेवाओं का अनुभव मिलेगा.


इस शेड्यूल में चार नए एयरपोर्ट जोड़े गए हैं. अमरावती (महाराष्ट्र), हिस्सार (हरियाणा), पूर्णिया (बिहार) और रूपसी (असम). इन एयरपोर्ट्स से अब नियमित उड़ान सेवाएं शुरू होंगी, जिससे छोटे और मध्यम शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी. वहीं, अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट, भावनगर, लुधियाना, पाक्योंग और श्रावस्ती जैसे एयरपोर्ट्स से अस्थायी रूप से उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं.

**इंडिगो ने शीतकालीन शेड्यूल में अपनी बादशाहत बनाए रखी है**

डीजीसीए ने कहा है कि उड़ानों की बढ़ोतरी से हवाई टिकटों की कीमतों पर नियंत्रण रहेगा और यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी. त्योहारों और छुट्टियों के मौसम में एयर ट्रैफिक बढ़ने की संभावना को देखते हुए एयरलाइंस ने अपनी उड़ानों का विस्तार किया है. इंडिगो ने शीतकालीन शेड्यूल में अपनी बादशाहत बनाए रखी है. उसे 15,014 साप्ताहिक उड़ानों की मंजूरी मिली है. एयर इंडिया को 4,277, एआई एक्सप्रेस को 3,171, स्पाइसजेट को 1,568, अकासा एयर को 1,027 उड़ानें मिली हैं.

# एफपीआई का पूंजी बाजार में करोड़ों का निवेश

## हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट में भी उनका निवेश 2,730 करोड़ रुपये बढ़ा




**मुंबई, 26 अक्टूबर. विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 24,171 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है. इसका अर्थ यह हुआ कि उन्होंने बाजार से जितनी राशि निकाली है उससे 24,171 करोड़ रुपये ज्यादा लगाये हैं.**

सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अक्टूबर में डेट में 14,533.72 करोड़ रुपये और इक्विटी में 7,329 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है. हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट में भी उनका निवेश 2,730 करोड़ रुपये बढ़ा है. हालांकि म्युचुअल फंड से उन्होंने शुद्ध रूप से 536 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है.

मई के बाद पहली बार एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में लिवाल बने हुए हैं. इससे पहले, सितंबर में उन्होंने 12,571 करोड़ रुपये, अगस्त में 20,635 करोड़ रुपये, जुलाई में 5,261 करोड़ रुपये और जून में 7,769 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी. इस साल अबतक एफपीआई ने बाजार से कुल मिलाकर 60,439 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है.

## लेंसकार्ट का ग्रैंड मार्केट डेब्यू-4 नवंबर तक निवेश का मौका

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर.** ईवियर दिग्गज लेंसकार्ट ने अपने बहुप्रतीक्षित की तारीखों की घोषणा कर दी है. कंपनी का 7,278 करोड़ का 31 अक्टूबर से खुलकर 4 नवंबर 2025 तक निवेशकों के लिए उपलब्ध रहेगा. यह इस साल का तीसरा सबसे बड़ा पब्लिक ऑफर होगा. इस इश्यू में 2,150 करोड़ का फ्रेश इश्यू और बाकी हिस्सा ऑफर फॉर सेल के रूप में होगा. लेंसकार्ट जुटाए गए फंड का इस्तेमाल नए स्टोर्स खोलने, मौजूदा आउटलेट्स के लीज खर्च में करेगी.

# चावल, दाल में साप्ताहिक तेजी

## गेहूं 2,859.70 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर

**नयी दिल्ली, 26 अक्टूबर. घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गये. दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी रही जबकि गेहूं और चीन के दाम कमोबेश स्थिर रहे.**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 30 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,863.88 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी. गेहूं 2,859.70 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा. आटे की कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,324.16 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी. बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 83 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी.

पाम ऑयल में 42 रुपये की तेजी रही. मूंगफली तेल 32 रुपये और सोया तेल 56 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ. सूरजमखी तेल की कीमत 69 रुपये और वनस्पति की 48 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी. दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 16 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी. चना दाल की कीमत 21 रुपये और मूंग दाल की 42 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी.

**समाचार विशेष**

# मगध की 26 सीटों पर एनडीए की असली परीक्षा



**पटना. मगध प्रमंडल के 26 विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए की असली परीक्षा है. आंकड़े यह हैं कि मगध प्रमंडल की 26 सीटों में 22 पर महागठबंधन के विधायक हैं. मगध के नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद व अरवल जिले में तो जदयू खाता भी नहीं खोल सका था.**

एक सीट पर जदयू प्रत्याशी दूसरे स्थान पर था. मगध के गया जिले में भाजपा और हम ने एनडीए की लाज कुछ हद तक बचायी. इस बार एनडीए ने मगध प्रमंडल के कई विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी बदल दिए हैं. राजद के स्तर पर भी परिवर्तन हुआ है.

**नवादा जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों का हाल-** नवादा जिले के रजौली विधानसभा क्षेत्र से 2020 के चुनाव में राजद के प्रकाश वीर को जीत मिली थी. इस बार राजद ने उन्हें टिकट नहीं दिया है. वहीं एनडीए में सीट शेयरिंग के तहत इस बार यह सीट लोजपा (रा) को गयी है. उसने विमल चंद्रवंशी को यहां से टिकट दिया है. नवादा सीट की राजद विधायक विभा देवी इस बार जदयू की टिकट पर मैदान में है. हिसुआ में इस बार भी भाजपा की टिकट पर अनिल सिंह हैं. वह पिछली बार दूसरे नंबर पर थे. मो. कामरान नवादा के गोविंदपुर से राजद के विधायक हैं. इस बार वह निर्दलीय लड़ रहे. पिछली बार जदयू की टिकट पर लड़ीं पूर्णिमा यादव इस बार राजद उम्मीदवार हैं. लोजपा को यह सीट एनडीए में गयी हैं. यहां से विनीता मेहता को उसने टिकट दिया है. वारसलिगंज से पूर्व की तरह एनडीए की प्रत्याशी अरुणा देवी हैं.

**गया जिले की दस सीटों का जिम्मा एनडीए में भाजपा और हम को-** गया जिले की दस विधानसभा क्षेत्रों में इस बार भी एनडीए में भाजपा और हम को ही जिम्मा है. वर्ष 2020 के चुनाव में गुरुआ, शेरघाटी, बोधगया, बेलागंज व अतरी विधानसभा क्षेत्र का परिणाम राजद के पक्ष में था. बाद में बेलागंज में हुए उप चुनाव में जदयू को सफलता मिली थी. इस बार बेलागंज ,को छोड़ सभी नौ सीटों का जिम्मा भाजपा और हम के पास है.

> **औरंगाबाद में तो एक भी सीट अभी एनडीए के पास नहीं**
> औरंगाबाद जिले में गोह, ओबरा, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद व रफीगंज सीट हैं. यहां की सभी सीटों पर महागठबंधन का कब्जा है. इस बार जदयू ने नवीनगर से अपना प्रत्याशी बदला है. भाजपा ने गोह से प्रत्याशी बदला. कांग्रेस और राजद के प्रत्याशी से इनका मुकाबला होना है.

# महागठबंधन की सीट पर अंतिम क्षण उलटफेर

## मां को मिला सिंबल और नामांकन में उतरी बेटी




**बाराचट्टी (गया). गया जिला के बाराचट्टी आरक्षित विधानसभा क्षेत्र एक बार फिर विरासत की सियासत का केंद्र बन गया है. महागठबंधन ने पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक दिवंगत भगवती देवी की पुत्री समता देवी को प्रत्याशी घोषित कर क्षेत्र में उत्साह भर दिया था, लेकिन सोमवार को अंतिम क्षण में पार्टी ने टिकट बदल दिया. नामांकन का समय आते-आते समता देवी की जगह उनकी बेटी तन्नुश्री कुमारी को राजद का सिंबल जारी कर दिया गया.**

रविवार को दिनभर क्षेत्र में यह संदेश फैल गया था कि समता देवी को टिकट मिला है. पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी, पोस्टर और बैनर तैयार होने लगे. लेकिन सोमवार दोपहर को राजद मुख्यालय से नया सिंबल पत्र जारी हुआ, जिस पर प्रत्याशी के रूप में तन्नुश्री कुमारी का नाम था. सिंबल सोमवार को आने के बाद ही मयके बाराचट्टी से तन्नुश्री कुमारी ने कार्यकर्ताओं के साथ शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय जाकर नामांकन किया, जबकि समता देवी को दिया गया सिंबल यूं ही उनके पास रह गया.

> **हम का फिर ज्योति देवी पर भरोसा**
> उधर, एनडीए की ओर से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर ने एक बार फिर ज्योति देवी पर भरोसा जताया है. ज्योति देवी, हम पार्टी के संरक्षक एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की समधन और बिहार सरकार के मंत्री संतोष सुमन की सास हैं. वे इस सीट से तीसरी बार मैदान में हैं और पिछली दोनों बार जीत दर्ज कर चुकी हैं. एनडीए खेमे में उनकी राजनीतिक पकड़ और जनसंपर्क को सबसे बड़ी ताकत माना जा रहा है. अब मुकाबला दो राजनीतिक विरासतों के बीच दिलचस्प बन गया है एक ओर भगवती देवी की नातिन तन्नुश्री कुमारी, तो दूसरी ओर मांझी परिवार की सियासत को आगे बढ़ाती ज्योति देवी.

# डिजिटल रणभूमि में उतरे नेता

## क्लिक पर चल रही है राजनीति





**केवटी (दरभंगा). बिहार विधानसभा करीब आते ही नेता अब जनसभाओं और पोस्टरों तक सीमित नहीं हैं, अब फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर की डिजिटल रणभूमि पर भी मोर्चा संभाल चुके हैं.**

लाइक, शेयर और कमेंट की राजनीति ने रैली की जगह रील ले ली है. अब भाषणों से ज्यादा असर डाल रही हैं वायरल क्लिप्स और ट्रेंडिंग हैशटैग क्योंकि इस चुनाव में जनता की नब्ज क्लिक पर चल रही है.

विधानसभा चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की संवीक्षा की प्रक्रिया समाप्ति के बाद केवटी प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाके के लोग पूरी तरह अब चुनावी रंग में रंग चुके हैं. लेकिन, इस बार का चुनाव पहले से काफी अलग है. आजादी के बाद से लेकर अब तक चुनाव प्रचार के तौर-तरीके, मतदाताओं की भूमिका और कार्यकर्ताओं की भागीदारी में बड़ा बदलाव आया है. परंपरागत तरीकों से हटकर अब प्रचार पूरी तरह तकनीकी और डिजिटल होता जा रहा है.

**विशेष | लंबे समय तक रहा शिक्षक संगठनों का वर्चस्व**

# राजनीतिक दलों व शिक्षक संगठनों में मुकाबला




**मेरठ. प्रदेश में शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव प्रचार धीरे.धीरे जोर पकड़ने लगा है. इस चुनाव में राजनीतिक दलों और शिक्षक संगठनों में कड़ा मुकाबला होगा. शिक्षक संगठनों और राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवार घोषित करने शुरू कर दिए हैं.**

सपा के शिक्षक व स्नातक सीटों के उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं तो कांग्रेस का एक प्रत्याशी सामने आ चुका है. भाजपा चुनाव से ऐन पहले ही अपने प्रत्याशी घोषित करेगी. माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट में शिक्षक सीट पर बगावत के हालात हैं.

लंबे समय तक प्रदेश की शिक्षक व स्नातक एमएलसी सीटों पर शिक्षक संगठनों का दबदबा था. एमएलसी सीट का कार्यकाल छह वर्ष का होता है. मेरठ.सहारनपुर शिक्षक सीट पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय ओमप्रकाश शर्मा लगातार आठ बार ;48 वर्षद्ध चुनाव जीतते रहे. स्नातक सीट पर हेम सिंह पुंडीर चार बार एमएलसी बने. ठकुराई गुट के प्रदेश अध्यक्ष डॉण् उमेश त्यागी भी लगातार चार बार चुनाव लड़ चुके हैं. शिक्षक संगठनों का यह वर्चस्व वर्ष 2020 में हुए चुनाव में भाजपा ने तोड़ दिया और अधिकांश सीटों पर एकतरफा जीत हासिल की. मेरठ.सहारनपुर खंड शिक्षक सीट पर भाजपा के श्रीचंद शर्मा व स्नातक सीट पर दिनेश गोयल ने बड़े अंतर से चुनाव जीता.

**शिक्षक संगठनों से आएंगे कई उम्मीदवार-** शिक्षक संघ शर्मा गुट में बगावत के हालात बने हुए हैं. अभी के हालात में शिक्षक सीट पर दो प्रत्याशियों का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है. शर्मा गुट की मेरठ मंडल की बैठक में मेरठ जिलाध्यक्ष गजेंद्र शर्मा को शिक्षक सीट पर प्रत्याशी घोषित किया जा चुका है. जबकि शर्मा गुट के ही पूर्व एमएलसी हेम सिंह पुंडीर के पुत्र सुशील पुंडीर भी खुद को प्रत्याशी मानकर शिक्षक सीट पर चुनाव प्रचार में जुटे हैं. इस बगावत से शर्मा गुट के कई सदस्य असमंजस में है. ठकुराई गुट भी अपने उम्मीदवारों को लेकर मंथन कर रहा है.

**सपा ने गुर्जर प्रत्याशी उतार कर मचाई हलचल-** सम्राट मिहिरभोज को लेकर वेस्ट यूपी में इस समय गुर्जर राजनीति गर्माई हुई है. मौके का फायदा उठाते हुए सपा ने स्नातक सीट से गुर्जर समाज से गौतमबुद्ध नगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी को प्रत्याशी घोषित किया है.

> **भाजपा की हर रोज चल रही बैठकें**
> भाजपा ने शिक्षक व स्नातक सीटों को जीतने के लिए बड़ी व्यूह रचना की है. महानगर व जिलों में संयोजक व सह संयोजक बनाने के साथ ही विधानसभा स्तर पर संयोजक तय कर दिए हैं. ये संयोजक प्रतिदिन बैठकें करके कार्यकर्ताओं से प्रगति रिपोर्ट ले रहे हैं. कांग्रेस भी इसी तर्ज पर अपने संगठन को तैयार करने में लगी है. सपा के उम्मीदवार भी वोट बनवाने में जुटे हैं. बसपा ने एमएलसी चुनाव लड़ने पर अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं.